# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सीईएन - 07/2025 - एनटीपीसी पूर्व-स्नातक स्तर - CEN - 07/2025 - NTPC UNDER GRADUATE LEVEL

| | |
|---|---|
| Test Date | 17/06/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC UnderGraduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Mathematics**

**Q.1** एक डिलीवरी ड्रोन हवा में एक निश्चित बिंदु पर मंडरा रहा है। ड्रोन की विपरीत दिशाओं (opposite sides) में धरातल पर स्थित सरल रेखा में दो बिंदुओं से ड्रोन का उन्नयन कोण क्रमशः 30° और 60° है। यदि दोनों बिंदुओं के बीच क्षैतिज दूरी 94 m है, तो वह ऊर्ध्वाधर ऊंचाई ज्ञात कीजिए, जिस पर ड्रोन मंडरा रहा है।
($\sqrt{3} = 1.73$ का उपयोग कीजिए)

**Ans**
- ✗ A. 41.652 m
- ✗ B. 42.562 m
- ✓ C. 40.655 m
- ✗ D. 40.752 m

**Q.2** $\dfrac{\left(\dfrac{10}{18}\right)}{\left(\dfrac{10}{9}\right)} \div \left(\dfrac{4}{9} \times \dfrac{18}{12} + \dfrac{5}{6}\right) + \dfrac{9}{9} \div \dfrac{27}{15} \text{ of } \dfrac{15}{9}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. $\frac{3}{10}$
- ✓ B. $\frac{2}{3}$
- ✗ C. $\frac{12}{11}$
- ✗ D. $\frac{11}{1}$

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

## Don't just prepare. Perform.

Test Prime — built only for mock tests.

**1,50,000+** Mock Tests

**25,000+** Previous Year Papers

**800+** Exam Covered

**500% Refund** on Selection

**5 lakh+** Free Quizzes

**Daily** Free PDFs

**Job Alerts** Stay Updated

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas

**All India Rankings**

Compete with lakhs.
Rank. Improve. Repeat.

Adda247 test prime

Rating | Editors' choice | New

Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed

DOWNLOAD THE APP

Q.3 एक दुकानदार एक ही अंकित मूल्य वाले खिलौनों पर निम्नलिखित स्कीमें प्रदान करता है-
(A) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 38% और 39% की क्रमिक छूट
(B) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 42%, 38% और 20% की क्रमिक छूट
(C) पहले 2 खिलौनों पर 11% की छूट और उसके बाद प्रत्येक खिलौने पर 42% की छूट
(D) 10 खिलौने खरीदने पर 9 खिलौने मुफ्त
एक ग्राहक 10 खिलौने खरीदना चाहती है। ऊपर दी गई स्कीमों में से कौन-सी स्कीम उसके लिए सबसे कम लाभप्रद है?

Ans
✗ A. B
✓ B. C
✗ C. D
✗ D. A

Q.4 एक हेल्थ क्लब में, 42% सदस्य महिलाएं हैं और 58% सदस्य पुरुष हैं। यदि पुरुषों की औसत आयु 57 वर्ष है और महिलाओं की औसत आयु 42 वर्ष है, तो सभी सदस्यों की औसत आयु (वर्ष में) कितनी है?

Ans
✓ A. 50.7
✗ B. 44.9
✗ C. 56.7
✗ D. 57.6

Q.5 यदि किसी कक्षा में लड़कों और लड़कियों का अनुपात 5:7 है तथा लड़कियों और शिक्षकों का अनुपात 14:1 है, तो लड़कों और शिक्षकों का अनुपात कितना है?

Ans
✗ A. 7:2
✗ B. 5:2
✗ C. 7:1
✓ D. 10:1

Q.6 एक दुकानदार, ₹25 प्रति kg के भाव से चीनी खरीदता है। वह इस पर ₹32 प्रति kg अंकित करता है और अंकित मूल्य पर 20% की छूट देता है। बिक्री के समय, वह 1 kg के बजाय 800 g के बाँट का उपयोग करता है। इसके अलावा कोई अन्य हानि या व्यय नहीं होता है। दुकानदार का समग्र लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 28% हानि
✗ B. 30% लाभ
✗ C. 30% हानि
✓ D. 28% लाभ

Q.7 5% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 3 वर्षों के बाद ₹6,900 का मिश्रधन प्राप्त होता है। निवेश किया गया मूलधन ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. ₹5,800
✓ B. ₹6,000
✗ C. ₹5,600
✗ D. ₹6,400

Q.8 सुब्रता ने एक निश्चित धनराशि को 10% वार्षिक ब्याज दर से निवेश किया। 2 वर्ष बाद, उसे चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में ₹220.5 प्राप्त हुए, जहाँ ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। समान ब्याज दर से 2 वर्षों के लिए संगत साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 205
✗ B. 200
✓ C. 210
✗ D. 195

**Q.9** दो ट्रेनों की चालों के बीच का अनुपात 5 : 8 है। यदि दूसरी ट्रेन 3 घंटे में 300 km की दूरी तय करती है, तो पहली ट्रेन की चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 63.8 km/h
- ✓ B. 62.5 km/h
- ✗ C. 65.2 km/h
- ✗ D. 72.5 km/h

**Q.10** एक सप्ताह के दौरान 10 छात्रों द्वारा शैक्षिक वीडियो देखने में प्रतिदिन व्यतीत किए गए घंटों की संख्या निम्नलिखित है:
2, 3, 4, 2, 5, 3, 2, 4, 2, 3
बहुलक ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 5 घंटे
- ✗ B. 3 घंटे
- ✓ C. 2 घंटे
- ✗ D. 4 घंटे

**Q.11** 54 m, 72 m और 90 m लंबाई की तीन रस्सियों को बराबर लंबाई के छोटे टुकड़ों में इस प्रकार काटा जाना है कि कोई रस्सी शेष न बचे। प्रत्येक छोटे टुकड़े की अधिकतम संभव लंबाई कितनी है?

**Ans**
- ✓ A. 18 m
- ✗ B. 24 m
- ✗ C. 12 m
- ✗ D. 36 m

**Q.12** इनलेट M एक टैंक को 24 मिनट में भरता है और इनलेट N समान टैंक को 32 मिनट में भरता है। आउटलेट O टैंक को खाली करता है। जब तीनों को एक साथ खोल दिया जाता है, तो टैंक को भरने में 32 मिनट का समय लगता है। अकेले आउटलेट O को एक पूरे भरे हुए टैंक को खाली करने में कितना समय लगेगा?

**Ans**
- ✗ A. 14 मिनट
- ✓ B. 24 मिनट
- ✗ C. 44 मिनट
- ✗ D. 34 मिनट

**Q.13** यदि $a \neq b$ दिया गया है, तो $(a^2 - b^2)$ और $(a + b)$ का तृतीयानुपाती ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. $\frac{(a+b)}{(a-b)}$
- ✗ B. $\frac{(a-b)}{(a+b)}$
- ✗ C. $\frac{(a-b)^2}{(a+b)}$
- ✗ D. $\frac{(a+b)^2}{(a-b)}$

**Q.14** समान लंबाई की दो ट्रेनें एक स्थिर खंभे को क्रमशः 12 सेकंड और 16 सेकंड में पार करती हैं। विपरीत दिशाओं में चलते हुए दोनों ट्रेनों को एक-दूसरे को पार करने में कितना समय लगेगा? (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

**Ans**
- ✗ A. 15.43 सेकंड
- ✗ B. 14.53 सेकंड
- ✓ C. 13.71 सेकंड
- ✗ D. 12.61 सेकंड

| | |
|---|---|
| Q.15 | माइक, कॉनर और फ्लॉयड एक कार्य को क्रमशः 8, 22 और 33 दिनों में पूरा कर सकते हैं। तीनों ने एक साथ कार्य करना शुरू किया। माइक ने 4 दिन बाद कार्य छोड़ दिया और कॉनर ने कार्य पूरा होने से ठीक 2 दिन पहले कार्य छोड़ दिया। कार्य को पूरा होने में कुल कितने दिन लगे? |
| Ans | ✔ A. 7.8<br>✗ B. 3.8<br>✗ C. 18.9<br>✗ D. 7.1 |

| | |
|---|---|
| Q.16 | एक व्यापारी एक वस्तु को 16% के लाभ पर बेचता है। यदि उसने इसे ₹80 अधिक में बेचा होता, तो उसका लाभ 48% होता। यदि कुल क्रय मूल्य ₹8,000 है, तो बेची गई वस्तुओं की संख्या ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 25<br>✗ B. 35<br>✔ C. 32<br>✗ D. 38 |

| | |
|---|---|
| Q.17 | यदि दो संख्याओं में से छोटी संख्या के दोगुने को बड़ी संख्या के तिगुने में जोड़ा जाए, तो परिणाम 55 प्राप्त होता है। यदि बड़ी संख्या में 5 की वृद्धि की जाए, तो वह छोटी संख्या के दोगुने के बराबर हो जाती है। बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 12.75<br>✔ B. 12.5<br>✗ C. 10.75<br>✗ D. 10.5 |

| | |
|---|---|
| Q.18 | दो छड़ों की लंबाई 4 cm और 6 cm है। एक तीसरी छड़ इस प्रकार बनाई जाती है कि तीनों छड़ें वितत समानुपात में हों। तीसरी छड़ की लंबाई कितनी होगी? |
| Ans | ✗ A. 8 cm<br>✔ B. 9 cm<br>✗ C. 12 cm<br>✗ D. 10 cm |

| | |
|---|---|
| Q.19 | $(\sqrt{5} + \sqrt{20})^2$ को सरल कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 50<br>✗ B. 25<br>✔ C. 45<br>✗ D. 65 |

| | |
|---|---|
| Q.20 | एक समचतुर्भुज के विकर्णों का अनुपात 5 : 12 है और इसका क्षेत्रफल 240 $cm^2$ है। विकर्णों की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. $5\sqrt{2}$ और $12\sqrt{2}$<br>✗ B. 10 और 24<br>✗ C. 5 और 12<br>✔ D. $10\sqrt{2}$ और $24\sqrt{2}$ |

| | |
|---|---|
| Q.21 | निशा ने अपनी रजिस्टर में 76488 संख्या लिखी। इसे 8 से भाग देने पर शेषफल कितना होगा? |
| Ans | ✗ A. 3<br>✗ B. 1<br>✔ C. 0<br>✗ D. 2 |

Q.22 4583 में जोड़ी जाने वाली वह सबसे छोटी संख्या कौन-सी है ताकि प्राप्त परिणामी संख्या 9 से विभाज्य हो?

Ans
- ✔ A. 7
- ✘ B. 3
- ✘ C. 1
- ✘ D. 5

Q.23 तीन संख्याएँ 10 : 13 : 11 के अनुपात में हैं, और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 2860 है। उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) क्या है?

Ans
- ✔ A. 2
- ✘ B. 3
- ✘ C. 9
- ✘ D. 4

Q.24 दो व्यक्तियों, X और Y की वर्तमान आयु का अनुपात 4 : 5 है। अब से पाँच वर्ष बाद, X की आयु और Y की आयु में अंतर 3 वर्ष होगा। उनकी वर्तमान आयु का योग (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 26
- ✘ B. 25
- ✔ C. 27
- ✘ D. 24

Q.25 एक त्रिभुज की भुजाओं की लंबाई 51 cm, 35 cm और 26 cm है। 35 cm लंबाई वाली भुजा के संगत उसके शीर्षलंब की लंबाई (cm में) कितनी होगी?

Ans
- ✘ A. 53
- ✔ B. 24
- ✘ C. 60
- ✘ D. 40

Q.26 कोई व्यक्ति अपनी आय का 70% खर्च करता है। यदि उसकी आय में 20% की वृद्धि होती है और उसके व्यय में 25% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में प्रतिशत परिवर्तन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. $7\frac{1}{4}\%$ वृद्धि
- ✘ B. $8\frac{1}{3}\%$ कमी
- ✘ C. $6\frac{1}{4}\%$ कमी
- ✔ D. $8\frac{1}{3}\%$ वृद्धि

Q.27 6 cm त्रिज्या और 14 cm ऊँचाई वाले एक ठोस बेलन को पिघलाकर, मूल बेलन की आधी ऊँचाई वाले एक खोखले बेलन में ढाला जाता है। यदि खोखले बेलन की बाह्य त्रिज्या उसकी आंतरिक त्रिज्या से दोगुनी है, तो खोखले बेलन की बाह्य त्रिज्या (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. $8\sqrt{3}$
- ✔ B. $4\sqrt{6}$
- ✘ C. 8
- ✘ D. $6\sqrt{6}$

Q.28 $20^3 + (-16)^3 + (-4)^3$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 3630
- ✘ B. 3661
- ✔ C. 3840
- ✘ D. 3868

Q.29 ₹2,000 के अंकित मूल्य वाली एक जैकेट को दो क्रमिक छूट देने के बाद ₹1,530 में बेचा जाता है। यदि पहली छूट 15% है, तो दूसरी छूट प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 5%
- ✗ B. 12%
- ✗ C. 8%
- ✓ D. 10%

Q.30 वस्तु M को उसकी मूल कीमत से ₹3,000 की कटौती (Reduction) पर बेचा जाता है और वस्तु N को उसकी मूल कीमत से ₹2,500 की कटौती पर बेचा जाता है। यदि दोनों वस्तुओं की मूल कीमतें ₹10,000 थीं, वस्तु M की कीमत में कटौती R1% है और वस्तु N की कीमत में कटौती R2% है, तो R1 और R2 के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 20
- ✓ B. 5
- ✗ C. 15
- ✗ D. 10

Section : **General Awareness**

Q.31 वायर्ड LAN के लिए आमतौर पर कौन-सा स्टैंडर्ड उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ A. IEEE 802.16
- ✗ B. IEEE 802.11
- ✗ C. IEEE 802.15
- ✓ D. IEEE 802.3

Q.32 विंडोज टास्क मैनेजर के नए वर्जनों में स्टार्टअप ऐप्स टैब के उद्देश्य से सबसे सटीक मेल खाने वाला विवरण कौन-सा है?

Ans
- ✓ A. उपयोगकर्ता के साइन इन करने पर किन प्रोग्रामों को स्वचालित रूप से शुरू होने की अनुमति है, इसे प्रबंधित करता है
- ✗ B. सिस्टम रिस्टोर पॉइंट दिखाता है
- ✗ C. प्रत्येक ऐप के लिए नेटवर्क कनेक्शन दिखाता है
- ✗ D. सभी इंस्टॉल किए गए एप्लिकेशन को लिस्ट करता है

Q.33 1831-32 के दौरान छोटानागपुर क्षेत्र में हुए कोल विद्रोह का कारण क्या था?

Ans
- ✗ A. सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा माने जाने वाले स्थानीय त्योहारों पर प्रतिबंध
- ✗ B. विदेशी सेवा के लिए ब्रिटिश इकाइयों में युवा पुरुषों की अनिवार्य भर्ती
- ✓ C. जनजाति भूमि का हस्तांतरण और साहूकारों और व्यापारियों का अतिक्रमण
- ✗ D. चावल उत्पादन वाले क्षेत्रों में फसल खराब होने के कारण अकाल का प्रसार

Q.34 विंडोज में फाइल एक्सप्लोरर ओपन किए बिना डायरेक्टरी में फाइल नामों को ढूंढने के लिए किस कमांड-लाइन टूल (command-line tool) का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ A. Ping
- ✗ B. chkdsk
- ✓ C. dir /s
- ✗ D. Tasklist

Q.35 तापमान परिवर्तन के कारण विशाल चट्टानों से घुमावदार परतों के छिलके के रूप में अलग होने की प्रक्रिया को किस नाम से जाना जाता है?

Ans
- ✗ A. कार्बोनीकरण (Carbonation)
- ✓ B. अपशल्कन (Exfoliation)
- ✗ C. लवण क्रिस्टलीकरण (Salt crystallisation)
- ✗ D. अपघर्षण (Abrasion)

Q.36 1539 में, शेर शाह ने हुमायूं को सर्वप्रथम किस स्थान पर पराजित किया था?

Ans
- ✗ A. कन्नौज
- ✗ B. पानीपत
- ✗ C. ग्वालियर
- ✓ D. चौसा

Q.37 भारत की GDP वृद्धि दर पर सुधारों का क्या प्रभाव पड़ा?

Ans
- ✗ A. अप्रत्याशित रूप से उतार-चढ़ाव हुआ
- ✓ B. काफी वृद्धि हुई
- ✗ C. कोई परिवर्तन नहीं हुआ
- ✗ D. धीरे-धीरे कमी हुई

Q.38 एक ".xlsx" फ़ाइल किसके लिए बनाई जाती है?

Ans
- ✗ A. कंप्यूटर को बूट करना
- ✓ B. स्प्रेडशीट डेटा
- ✗ C. टेक्स्ट पैराग्राफ
- ✗ D. साउंड एडिटिंग

Q.39 इंडोनेशिया से 2024 रेमन मैग्सेसे पुरस्कार के विजेता कौन थे?

Ans
- ✗ A. डॉ. गुयेन थी नोक फुओंग (Dr. Nguyen Thi Ngoc Phuong)
- ✓ B. फरविजा फरहान (Farwiza Farhan)
- ✗ C. कर्मा फुंटशो (Karma Phuntsho)
- ✗ D. हयाओ मियाजाकी (Hayao Miyazaki)

Q.40 निम्नलिखित में से कौन-सी एक संसदीय समिति है?

Ans
- ✗ A. न्यायाधीशों का एक न्यायिक पैनल
- ✗ B. सिविल सेवकों का एक पैनल
- ✓ C. सदन या अध्यक्ष द्वारा चुने गए सांसदों का एक पैनल
- ✗ D. राष्ट्रपति द्वारा गठित एक समिति

Q.41 1972 के 29वें संशोधन अधिनियम में 9वीं अनुसूची में निम्नलिखित में से किसे शामिल किया गया?

Ans
- ✓ A. भूमि सुधारों पर केरल के दो अधिनियम
- ✗ B. मिजोरम के लिए विशेष प्रावधान
- ✗ C. पदोन्नति में आरक्षण
- ✗ D. पर्यावरण संरक्षण कानून

Q.42 भारत में निम्नलिखित में से किस क्षेत्रक में व्यापार, परिवहन और संचार जैसी गतिविधियां शामिल हैं?

Ans
- ✗ A. पंचभागी
- ✓ B. तृतीयक
- ✗ C. प्राथमिक
- ✗ D. द्वितीयक

Q.43 निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन, निम्न जनसंख्या घनत्व में योगदान देता है?

Ans
- ✗ A. सौम्य शीत ऋतु, जल की प्रचुरता, विद्यालयों की उपलब्धता
- ✗ B. नदी घाटियाँ, बाढ़कृत मैदान, स्वास्थ्य केंद्र
- ✗ C. सपाट भूभाग, उर्वर मृदा, शहरी रोज़गार
- ✓ D. कठोर जलवायु, अनुर्वर मृदा, सड़क मार्गों की कमी

Q.44 अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 की थीम क्या थी?

Ans
- ✗ A. स्थायी भविष्य के लिए आज लैंगिक समानता
- ✗ B. DigitALL: लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी
- ✗ C. महिलाओं में निवेश करें: प्रगति को गति दें
- ✓ D. सभी महिलाओं और लड़कियों के लिये: अधिकार, समानता, सशक्तीकरण

Q.45 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प यह व्याख्या करता है कि रासायनिक अभिक्रिया के दौरान अभिकारकों और उत्पादों के द्रव्यमान का योग अपरिवर्तनीय होता है?

Ans
- ✗ A. निश्चित अनुपात का नियम
- ✗ B. निश्चित संघटन का नियम
- ✗ C. आवर्तिता का नियम
- ✓ D. द्रव्यमान संरक्षण का नियम

Q.46 एक प्रयोग के दौरान, लोहे की कीलों को कॉपर सल्फेट के विलयन में रखा जाता है और कीलों पर एक लालिमायुक्त भूरे रंग की परत जम जाती है। यह प्रेक्षण रासायनिक अभिक्रिया के प्रकार और उसमें शामिल पदार्थों के संबंध में क्या प्रदर्शित करता है?

Ans
- ✓ A. एक विस्थापन अभिक्रिया होती है, जिससे लोहे की कीलों पर कॉपर धातु का निर्माण होता है
- ✗ B. एक संयोजन अभिक्रिया होती है, जिससे आयरन सल्फेट के क्रिस्टल बनते हैं
- ✗ C. एक अपघटन अभिक्रिया होती है, जिससे कॉपर सल्फेट, $SO_2$ और कॉपर में टूट जाता है
- ✗ D. एक द्विविस्थापन अभिक्रिया होती है, जिससे आयरन सल्फेट और कॉपर सल्फेट का निर्माण होता है

Q.47 किस राष्ट्रीय संगठन ने इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (IAMAI) के साथ मिलकर ग्रामीण नवाचार को सशक्त बनाने के लिए "अर्थ समिट 2025-26" का शुभारंभ किया?

Ans
- ✗ A. भारत का निर्यात-आयात बैंक (EXIM)
- ✗ B. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI)
- ✓ C. राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (NABARD)
- ✗ D. राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM)

Q.48 निम्नलिखित में से कौन-सी भारतीय नदी, अपनी 'उत्खात-भूमि स्थलाकृति' के लिए प्रसिद्ध है?

Ans
- ✗ A. गंडक
- ✓ B. चंबल
- ✗ C. रामगंगा
- ✗ D. केन

Q.49 निम्नलिखित में से किस वेद को 'संगीत का वेद' के रूप में जाना जाता है?

Ans
- ✗ A. ऋग्वेद
- ✓ B. सामवेद
- ✗ C. अथर्ववेद
- ✗ D. यजुर्वेद

Q.50 जब एक खींचे हुए रबर बैंड को छोड़ा जाता है, तो उसमें संचित स्थितिज ऊर्जा किस ऊर्जा के रूप में रूपांतरित होती है?

Ans
- ✗ A. रासायनिक ऊर्जा
- ✗ B. भू-तापीय ऊर्जा
- ✗ C. जलीय ऊर्जा
- ✓ D. गतिज ऊर्जा

**Q.51** कर्नाटक संगीत में 'कृति (Kriti)' शब्द से क्या तात्पर्य है?

Ans
- ✗ A. संगीत में एक रागात्मक मेल
- ✓ B. एक रचनात्मक गीतात्मक रूप
- ✗ C. एक प्रकार का संगीत अलंकरण
- ✗ D. एक लयबद्ध प्रतिरूप

**Q.52** किस अनुच्छेद के तहत राष्ट्रपति, संसद के किसी एक सदन का आहूत कर सकता है, सत्रावसान कर सकता है या विघटन कर सकता है?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 87
- ✗ B. अनुच्छेद 108
- ✗ C. अनुच्छेद 79
- ✓ D. अनुच्छेद 85

**Q.53** रंगाबती भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य का प्रसिद्ध लोक नृत्य है?

Ans
- ✗ A. पश्चिम बंगाल
- ✓ B. ओडिशा
- ✗ C. गुजरात
- ✗ D. उत्तर प्रदेश

**Q.54** एक राजनीतिक दल से दूसरे राजनीतिक दल में दलबदल करने के आधार पर संसद और राज्य विधानसभाओं के सदस्यों को अयोग्य घोषित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी अनुसूची भारत के संविधान में जोड़ी गई थी?

Ans
- ✗ A. अनुसूची XI
- ✗ B. अनुसूची IX
- ✗ C. अनुसूची XII
- ✓ D. अनुसूची X

**Q.55** 24 नवंबर, 2025 से राजस्थान में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का कौन-सा संस्करण आयोजित किया गया था?

Ans
- ✓ A. पांचवां
- ✗ B. तीसरा
- ✗ C. चौथा
- ✗ D. छठा

**Q.56** निम्नलिखित में से कौन-सी सुरंग का उद्घाटन जनवरी 2026 में सोनमर्ग और श्रीनगर के बीच वर्ष भर कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए किया गया है?

Ans
- ✗ A. पीर पंजाल सुरंग (Pir Panjal tunnel)
- ✗ B. नेहरू सुरंग (Nehru tunnel)
- ✓ C. Z-मोड़ सुरंग (Z-Morh tunnel)
- ✗ D. अटल सुरंग (Atal tunnel)

**Q.57** कौन-सा अनुच्छेद धार्मिक संप्रदायों को अपने धार्मिक कार्यों के प्रबंधन का अधिकार देता है?

Ans
- ✓ A. अनुच्छेद 26
- ✗ B. अनुच्छेद 24
- ✗ C. अनुच्छेद 23
- ✗ D. अनुच्छेद 27

**Q.58** 1857 के विद्रोह के दौरान, उत्तर प्रदेश के परगना बड़ौत के ग्रामीणों ने किस स्थानीय व्यक्ति के नेतृत्व में रैली की थी?

**Ans**
- ✔ A. शाह मल (Shah Mal)
- ✗ B. नाना साहेब (Nana Sahib)
- ✗ C. बिरजिस क़द्र (Birjis Qadr)
- ✗ D. गोनू कोल (Gonoo Kol)

**Q.59** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, चूना पत्थर की गुफाओं के अंदर निक्षेपण द्वारा बनता है?

**Ans**
- ✗ A. लीवीज़ और मिएंडर (Levees and meanders)
- ✗ B. सर्क और हॉर्न (Cirques and horns)
- ✗ C. ड्रमलिन और एस्कर (Drumlins and eskers)
- ✔ D. स्टैलैक्टाइट्स और स्टैलैग्माइट (Stalactites and stalagmites)

**Q.60** 1857 के विद्रोह में उत्तरी भारत में शुरुआती विद्रोही विजयों के बाद अंग्रेजों ने नियंत्रण पुनः प्राप्त करने के लिए कौन-सी रणनीति अपनाई थी?

**Ans**
- ✗ A. मुगल सम्राट को सख्त ब्रिटिश पर्यवेक्षण के अंतर्गत दिल्ली पर शासन करने की अनुमति देना
- ✗ B. आगे के टकराव से बचने के लिए प्रमुख शहरों से ब्रिटिश सेना को वापस बुला लेना
- ✔ C. प्रमुख केंद्रों पर पुनः कब्जा करना, नए कानून लागू करना और वफादार सरदारों को पुरस्कार देना
- ✗ D. एक समझौता करना जिसके अंतर्गत क्षेत्रीय शासकों को उनके पुराने पदों पर बहाल कर दिया गया

**Q.61** 7 अक्टूबर 2025 को जनरल उपेंद्र द्विवेदी से चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ कमेंडेशन कार्ड किसने प्राप्त किया?

**Ans**
- ✗ A. अक्षय कुमार
- ✗ B. अमिताभ बच्चन
- ✗ C. ऋतिक रोशन
- ✔ D. मोहनलाल

**Q.62** चीनी तीर्थयात्री ह्वेनसांग (Hiuen Tsang) ने कश्मीर की यात्रा किसके शासनकाल में की थी?

**Ans**
- ✗ A. हर्षवर्धन
- ✗ B. पुलकेशिन II
- ✔ C. दुर्लभवर्धन
- ✗ D. यशोधर्मन

**Q.63** नवंबर 2025 में हुए क्वाड नेवल ड्रिल (Quad Naval Drill) के लिए मालाबार अभ्यास में किस भारतीय नौसैनिक जहाज ने भाग लिया?

**Ans**
- ✗ A. आईएनएस विक्रांत
- ✗ B. आईएनएस कोलकाता
- ✔ C. आईएनएस सह्याद्री
- ✗ D. आईएनएस शिवालिक

**Q.64** कौन-सा अनुच्छेद, नगरपालिकाओं को संवैधानिक संशोधन अधिनियम के माध्यम से बारहवीं अनुसूची में सूचीबद्ध विषयों को कार्यान्वित करने के लिए अधिकृत करता है?

**Ans**
- ✗ A. अनुच्छेद 243-Q
- ✔ B. अनुच्छेद 243-W
- ✗ C. अनुच्छेद 243-ZC
- ✗ D. अनुच्छेद 243-P

Q.65 विश्व बैंक के अनुसार, समावेशी विकास नीतियों के परिणामस्वरूप 2005 और 2015 के बीच भारत में ग्रामीण गरीबी में कितने प्रतिशत की गिरावट आई?

Ans
- ✗ A. 8%
- ✗ B. 12%
- ✓ C. 16%
- ✗ D. 20%

Q.66 संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा के गेहूं उत्पादक क्षेत्रों में आमतौर पर किस प्रकार की कृषि पद्धति अपनाई जाती है?

Ans
- ✗ A. रोपण कृषि
- ✗ B. स्थानांतरी कृषि
- ✓ C. वाणिज्यिक अनाज कृषि
- ✗ D. गहन निर्वाह कृषि

Q.67 खजुराहो मंदिर समूह का निर्माण मुख्यत: किस राजवंश के शासनकाल में हुआ था?

Ans
- ✗ A. राष्ट्रकूट (Rashtrakuta)
- ✓ B. चंदेल (Chandela)
- ✗ C. गहड़वाल (Gahadavala)
- ✗ D. सोलंकी (Solanki)

Q.68 समुद्र के नीचे की अवसंरचना में संदिग्ध अंतर्ध्वंस (sabotage) के बाद 18 जनवरी, 2025 को NATO ने कहां अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ाने की घोषणा की?

Ans
- ✓ A. बाल्टिक सागर
- ✗ B. उत्तरी सागर
- ✗ C. भूमध्य सागर
- ✗ D. काला सागर

Q.69 वैश्वीकरण की एक प्रमुख विशेषता क्या है?

Ans
- ✓ A. आर्थिक, सामाजिक और भौगोलिक सीमाओं के पार नेटवर्कों का निर्माण
- ✗ B. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और सीमा-पार आर्थिक संबंधों में कमी
- ✗ C. राष्ट्रीय सीमाओं के भीतर केवल घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देना
- ✗ D. वैश्विक अर्थव्यवस्था से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं का पृथक्करण

Q.70 वह प्रक्रिया जिसके द्वारा जल, मृदा (उच्च जल सांद्रता) से अर्ध-पारगम्य झिल्ली के माध्यम से मूल कोशिकाओं (निम्न जल सांद्रता) में प्रवेश करता है, ________ कहलाती है।

Ans
- ✗ A. विसरण
- ✓ B. परासरण
- ✗ C. जीवद्रव्य कुंचन
- ✗ D. सक्रिय अभिगमन

## Section : General Intelligence and Reasoning

Q.71 निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है।) (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)
(बाएं) 9 3 1 2 6 8 4 5 3 9 7 2 4 5 1 8 2 3 5 9 8 5 7 3 5 6 (दाएं)
ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद एक विषम अंक है?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. एक भी नहीं
- ✗ C. दो
- ✓ D. दो से अधिक

Q.72 एक निश्चित तरीके से SF 19 का संबंध VA 6 से है। उसी प्रकार, GG 16 का संबंध JB 3 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, KL 2 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✔ A. NG −11
- ✗ B. HY −9
- ✗ C. KL −10
- ✗ D. JI −12

Q.73 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
4 4 8 12 16 28 32 ?

Ans
- ✗ A. 64
- ✔ B. 60
- ✗ C. 68
- ✗ D. 62

Q.74 एक निश्चित कूट भाषा में, 'SAFE' को '3698' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'FACE' को '5398' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।
दी गई कूट भाषा में ‘S’ का कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 9
- ✗ B. 8
- ✗ C. 3
- ✔ D. 6

Q.75 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✔ A. LJM
- ✗ B. XUY
- ✗ C. NKO
- ✗ D. ROS

Q.76 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(53, 47, 35)
(117, 111, 99)

Ans
- ✗ A. (74, 68, 55)
- ✗ B. (33, 27, 14)
- ✗ C. (85, 76, 64)
- ✔ D. (212, 206, 194)

Q.77 तन्मय बिंदु Y से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम दिशा की ओर 23 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 63 km ड्राइव करता है, फिर दाएँ मुड़कर 31 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह फिर दाएँ मुड़ता है और 27 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 79 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह बाएँ मुड़ता है और 36 km ड्राइव करके बिंदु Z पर रुक जाता है। बिंदु Y पर पुनः पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ A. 71 km; पश्चिम की ओर
- ✗ B. 73 km; पश्चिम की ओर
- ✔ C. 71 km; पूर्व की ओर
- ✗ D. 75 km; पूर्व की ओर

Q.78 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

1 D 40 A 7 B 7 C 46 = ?

Ans
- ✗ A. 9
- ✓ B. 7
- ✗ C. 5
- ✗ D. 8

Q.79 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है।

(बाएं) U N E H W Y B X P E L Q R C G R U A Z R U (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर और ठीक बाद एक व्यंजन है?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. एक भी नहीं
- ✓ C. एक
- ✗ D. दो

Q.80 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से, FACN का संबंध LFIS से है। उसी प्रकार, DUAH का संबंध JZGM से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, VJSW का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
- ✓ A. BOYB
- ✗ B. BBOY
- ✗ C. BYOB
- ✗ D. BOBY

Q.81 शब्द HARMFUL के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाईं ओर से दूसरे अक्षर और दाईं ओर से पहले अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✗ A. 17
- ✗ B. 13
- ✗ C. 15
- ✓ D. 14

Q.82 सात बॉक्स M, N, O, P, Q, R और S, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
N को सबसे ऊपर से चौथे स्थान पर रखा गया है। N और S के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। M के ऊपर केवल P को रखा गया है। O को S के ठीक ऊपर रखा गया है। Q को M के बाद किसी स्थान पर लेकिन N से पहले किसी स्थान पर रखा गया है।
सबसे नीचे से तीसरे स्थान पर किस बॉक्स को रखा गया है?

Ans
- ✗ A. O
- ✗ B. S
- ✓ C. R
- ✗ D. Q

Q.83 सात व्यक्ति, U, T, E, N, S, I और L, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं।
N के बाएं केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। N और S के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। S और E के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। I, L के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। U, S का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
T के दाएं कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. दो
- ✓ B. एक
- ✗ C. चार
- ✗ D. तीन

Q.84 यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '-' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

(96 Q 12) P 5 S (42 Q 7) P 8 R 12 P 5 = ?

Ans
- ✗ A. 20
- ✗ B. 48
- ✓ C. 28
- ✗ D. 34

Q.85 दिए गए अक्षर-संख्या समूहों में से किसके द्वारा प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित किए जाने पर निम्नलिखित शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?
OKH 41, GCZ 47, YUR 53, QMJ 59, ?

Ans
- ✗ A. IJL 64
- ✗ B. IDA 64
- ✗ C. IFA 65
- ✓ D. IEB 65

Q.86 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?
RTR 77 NPN 72 JLJ 67 FHF 62 ?

Ans
- ✗ A. BCA 56
- ✗ B. BEA 57
- ✓ C. BDB 57
- ✗ D. BFK 56

Q.87 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क के अनुसार अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता है।
MEGA - EAGM - AGEM
TONS - OSNT - SNOT

Ans
- ✓ A. KITE - IETK - ETIK
- ✗ B. WEAR - WAER - RAEW
- ✗ C. LEGS - ELGS - SEGL
- ✗ D. POND - OPND - DONP

Q.88 G, Y का पिता है। Y, J का भाई है। M, W का पिता है। W, J का पुत्र है। M का G से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पिता
- ✓ B. पुत्री का पति
- ✗ C. पुत्री का पुत्र
- ✗ D. भाई

Q.89 रमन अपनी कक्षा में सबसे ऊपर से 25वें और सबसे नीचे से 67वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✓ A. 91
- ✗ B. 92
- ✗ C. 90
- ✗ D. 93

Q.90 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. MKI
- ✗ B. BZX
- ✗ C. QOM
- ✓ D. CBY

Q.91 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: सभी कोबाल्ट, चांदी है। कोई चांदी, वैनेडियम नहीं है।

निष्कर्ष 1: कोई वैनेडियम, कोबाल्ट नहीं है।
निष्कर्ष 2: कुछ वैनेडियम, कोबाल्ट है।

Ans
✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✓ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Q.92 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ A. QUO
✗ B. JNP
✗ C. NRT
✗ D. SWY

Q.93 सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E, F के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। B और C के ठीक बीच में A बैठा है। D, C के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। E और F के ठीक बीच में कौन बैठा है?

Ans
✗ A. C
✗ B. B
✓ C. G
✗ D. D

Q.94 सात बक्से, G, H, I, J, K, L और M, एक के ऊपर एक रखे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे हों। M और J के बीच केवल तीन बक्से रखे जाते हैं। I को शीर्ष से तीसरे स्थान पर रखा जाता है। H और I के बीच केवल M रखा है। J के नीचे केवल K रखा है। G को M के नीचे किसी एक स्थान पर रखा जाता है, लेकिन J के ठीक ऊपर नहीं रखा जाता है।
तल से तीसरे स्थान पर कौन-सा बक्सा रखा है?

Ans
✗ A. H
✗ B. K
✗ C. G
✓ D. L

Q.95 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह तय करें, कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते है?


कथन: कुछ फ़ोन, आयरन हैं। कुछ आयरन, तिजोरियाँ हैं।
निष्कर्ष (I): कोई भी आयरन, फ़ोन नहीं है।
निष्कर्ष (II): कुछ फ़ोन, तिजोरियाँ हैं।

Ans
✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✓ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Test Prime
By Adda247

# Previous Year Papers PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!




PDF

Free
25,000+
PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

ATTEMPT AS
MOCK

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.

- Topic-wise & Exam-wise PDFs
- Download & Study Offline
- Attempt as Mock & Track Score
- Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD THE APP

Q.96 एक निश्चित कूट भाषा में, 'SOAP' को '5279' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'ATOP' को '4527' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 5
- ✗ C. 7
- ✓ D. 4

Q.97 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करके इसे तार्किक रूप से पूर्ण बना देगा?
KE64, MC27, PZ8, ?

Ans
- ✓ A. TV1
- ✗ B. TW1
- ✗ C. TV8
- ✗ D. SV1

Q.98 एक निश्चित कूट भाषा में,
A ? B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A : B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'M + A @ R ? C : H' है, तो M का H से क्या संबंध है?

Ans
- ✓ A. माता की बहन
- ✗ B. माता की पुत्री
- ✗ C. माता का भाई
- ✗ D. माता का पिता

Q.99 दिए गए समीकरण को सही बनाने के लिए किन दो संख्याओं को आपस में बदलना चाहिए?

(21 × 2) ÷ 3 + 15 × 5 − 19 × 4 + 36 + 7 × 6 = 57

Ans
- ✗ A. 2 और 4
- ✗ B. 36 और 21
- ✓ C. 4 और 5
- ✗ D. 5 और 6

Q.100 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

10 19 36 58 88 123 ?

Ans
- ✗ A. 175
- ✗ B. 171
- ✗ C. 169
- ✓ D. 166

"